हाथ में उनके हाथ | By Gargi Sharma

हाथ में उनके हाथ तो फिर डर काहे का
श्याम बाबा हैं मेरे साथ तो फिर डर काहे का

श्याम के दर पर जो जाए झोली भरके आये देखो
मैं तो बाबा की दीवानी सबसे होके मैं बेगानी
देखो कितनी हंसी है ये रात तो फिर डर काहे का
श्याम बाबा हैं मेरे साथ तो फिर डर काहे का

जबसे मिला है मुझको बाबा दिल को स्वर्ग बनाया तूने
सबने मुझको है अपनाया मुझको सीने से लगाया
मेरी पल में बना दी बिगड़ी बात तो फिर डर काहे का
श्याम बाबा हैं मेरे साथ तो फिर डर काहे का

आन पड़ी हूँ दर पे तुम्हारे जाउंगी ना खाली बाबा
मैंने तुझको है पुकारा मुझको तेरा है सहारा
तेरे दर पे उठाये मैंने हाथ तो फिर डर काहे का
श्याम बाबा हैं मेरे साथ तो फिर डर काहे का

भक्तों को यूँ मेला लगा है बाबा तेरे द्वारे
तुझको सजाएं दूल्हा बनायें श्याम श्याम ही गायें
तेरी सूरत है सुहानी सारी दुनिया है दीवानी
देखो मोरछड़ी है मेरे साथ तो फिर डर काहे का
श्याम बाबा हैं मेरे साथ तो फिर डर काहे का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%89%e0%a4%a8%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-gargi-sharma/